मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही -402 लोगों पर लगाया आज जुर्माना

भिलाई नगर/ मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ भिलाई निगम ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है! अब निगम के साथ पुलिस प्रशासन भी मॉस्क नहीं लगाने वालों पर सख्ती दिखा रही है! चौक-चौराहों , सार्वजनिक स्थलों, मार्केट क्षेत्र, बाजार क्षेत्र, दुकानों का निरीक्षण कर मास्क नहीं लगाने वालों से जुर्माना लगाकर अर्थदंड की वसूली की जा रही है! निगम एवं पुलिस प्रशासन की टीम संयुक्त कार्रवाई के दौरान दुपहिया वाहनों में अधिक सवारी होने की जांच करते हुए तथा मास्क नहीं लगाने वालों से जुर्माना वसूल रही है! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मास्क नहीं लगाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए हैं! प्रथम पाली में प्रातः निगम की मोबाइल टीम ने 209 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 17800 रुपए जुर्माना तथा द्वितीय पाली में शाम तक 193 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 15700 रुपए जुर्माना वसूल किया! इस प्रकार आज कुल 402 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 33500 रुपए जुर्माना वसूल किया गया! वही मास्क नहीं लगा कर निकलने वाले लोगों के वाहनों के दस्तावेज की भी जांच यातायात पुलिस के द्वारा की जा रही है! आज सुपेला घड़ी चौक , आकाशगंगा, नंदनी रोड एवं सुपेला मार्केट का टीम ने निरीक्षण करते हुए कार्रवाई की! कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, मलखान सिंह सोरी, परमेश्वर चंद्राकर एवं संजय वर्मा तथा दल प्रभारी प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे!